॥ Jai Sri Gurudev ॥

Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**कक्षा: IV**

**विषय: हिन्दी**

**उपविषय -संवाद लेखन**

जब हम अपनी बात, विचार अथवा भावनाएँ बोलकर अथवा लिखकर किसी दूसरे तक पहुँचाते है, तो उसे संवाद लेखन कहते है।

## कक्षा कार्य

**प्रश्न - 1 परीक्षा की तैयारी को लेकर दो छात्रों में संवाद लिखिए-**

**आरव** - अरे! मोहक, तुम्हारी परीक्षा की तैयारी कैसी चल रही है?

**मोहक** ठीक चल रही है। बस गणित में डर लग रहा है।

**आरव** - डर कैसा? तुम गणित का खूब अभ्यास करो। अभी तो गणित की परीक्षा में पंद्रह दिन बाकी हैं।

**मोहक** - हाँ, कर तो रहा हूँ। तुम अपनी तैयारी के बारे में बताओ।

**आरव** - मेरा अंग्रेज़ी विषय थोड़ा कमजोर है। आजकल उसी की पढ़ाई ज्यादा कर रहा हूँ।

**मोहक**- फिर तो एक काम करते हैं। हम एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं।

**आरव**-कैसे?

**मोहक** - तुम मुझे गणित पढ़ा देना, में तुम्हें अंग्रेज़ी पढ़ा दूँगा।

**आरव**- ठीक है, तो कल से ही शुरू करते हैं।

## गृह कार्य

**प्रश्न – 1 डॉक्टर और मरीज के बीच होने वाले वार्तालाप को लिखिए।**

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________